प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.07.2025 / 09:20बजे

मॉनसून

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है और राज्य के अधिकांश हिस्सों मे बीती रात से रूक–रूककर जारी है। भारी वर्षा के चलते जहां एक बार फिर नदी–नाले उफान पर हैं तो वहीं भू–स्खलन से कई सड़कों के अवरूद्व होने का समाचार है। इस बीच भारी वर्षा के चलते चंबा जिला के सुताह गांव में बीती रात हुए भू–स्खलन से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया जिससे घर में सोए दंपति की मृत्यु हो गई है। चड़ी पंचायत के उपप्रधान परविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस व प्रशासन को इसकी सूचना दे दी गई है। इधर आज सुबह 10 बजे कौल डैम बांध से पानी छोड़ा जाएगा जिसको देखते हुए लोगों से नदी के समीप न जाने की अपील की गई है। भारी वर्षा के अलर्ट को देखते हुए आज कुल्लू जिला के आनी उपमंडल और शिमला जिला के रोहडू, जुब्बल, चौपाल और उप तहसील जलोग में सभी शिक्षण संस्थान, आंगनबाड़ी केंद्र और आई टी आई बंद रहेंगे।

मौसम विभाग ने 23 जुलाई तक राज्य में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि आज व कल शिमला, सोलन, मंडी, सिरमौर व कांगड़ा जिलों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

केंद्रीय टीम

प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुक्सान का जायजा लेने के लिए एक केंद्रीय टीम बीते कल से मंडी जिले के दौरे पर है। ये टीम अपने दौरे के दूसरे दिन आज जिला के आपदा प्रभावित करसोग क्षेत्र का दौरा करेगी। बीते कल इस केंद्रीय टीम ने थुनाग, जंजहैली और बगसयाड़ में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुक्सान का जायजा लिया था।

मॉनसून सत्र

संसद का मॉनसून सत्र आज से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कुल 21 बैठकें होंगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद ये संसद का पहला सत्र है। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने बताया कि सत्र के दौरान निपटाए जाने वाले महत्वपूर्ण विधायी और अन्य कार्य तय कर लिए गए हैं। संसद सत्र के पहले कल सरकार ने दोनों सदनों की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करने में सहयोग के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई। केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नडडा ने बैठक की अध्यक्षता की। किरन रिजिजू ने बताया कि बैठक बेहद ही रचनात्मक रही और सदन नेताओं ने विभिन्न मुददों पर अपनी पार्टी का रूख सामने रखा।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए इससे बचने के लिए समाज के हर वर्ग के सक्रिय योगदान पर बल दिया है। वे कल काशी में नशा मुक्त युवा–विकसित भारत विषय पर आयोजित युवा आध्यात्मिक सम्मेलन के समापन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने प्रदेश में राजभवन द्वारा संचालित नशा मुक्त हिमाचल अभियान की विस्तृत जानकारी साझा की।

<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........</u>

आज अधिकतर अखबारों ने भारी बारिश से हुई आपदा जैसी घटनाओं को अपनी प्रमुख खबर बनाया है। अमर उजाला की सुखी है हिमाचल में क्यों फट रहे बादल, केंद्र करेगा अध्ययन। पंजाब केसरी के शब्द हैं हिमाचल में प्राकृतिक आपदाओं के बढ़ते मामलों का होगा अध्ययन। दैनिक जागरण ने लिखा है हिमाचल में प्राकृतिक आपदाओं के कारणों की तलाश करेगी बहु क्षेत्रीय केंद्रीय टीम।

दैनिक भास्कर के अनुसार मंडी–पठानकोट हाइवे पर गिरा पेड़, साढ़े 3 घंटे रहा जाम, 142 सड़कें अब भी बंद।

40 बिजली परियोजना प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है लेटलतीफी से नाराज हिमाचल सरकार ने 15 दिन के भीतर मांगा जवाब।